nt>

Title: Need for doubling of rail line between Surat and Jalegaon via Udhna in Gujarat- Laid.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी): अध्यक्ष महोदय, सूरत-उधना-जलगांव के बीच रेलवे लाईन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्थित है जो औद्योगिक दृटि से विकसित जिला सूरत को जोड़ती है। कई सालों से इस रेलवे लाईन को दोहरीकरण हेतु मांग की जा रही है और मैं भी कई पत्र रेल मंत्री जी को लिख चुका हूं। इससे इस आदिवासी तथा पिछड़े क्षेत्र के विकास के नये अवसर मिलेंगे एवं आदिवासी लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। बाढ़ तथा प्राकृतिक आपदा के समय में उत्तर भारत से मुम्बई जाने वाली रेलगाड़ियां जो बंद कर दी जाती हैं, उन्हें इस रेलवे मार्ग से चलाया जा सकता है। पश्चिम भारत से दक्षिण की ओर जाने वाली रेलगाड़ियों को इस मार्ग से चलाया जा सकता है, जिससे कम समय पर रेल यात्रा की जा सकती है।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सूरत-उधना-जलगांव के बीच रेलवे लाईन का दोहरीकरण शीघ्र करवाने की कृपा करें।